# शादी का झांसा देकर गुजरात में दुष्कर्म किया

## आरोपी पहले भगाकर भोपाल ले गया, वहां से राजस्थान और गुजरात घुमाया

नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 18 जुलाई, सं. थाना क्षेत्र में 20 वर्षीय युवती के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है. पीड़िता का आरोप है कि आरोपी पहले उसे घर से बहला-फुसलाकर ले गया, फिर भोपाल में उसकी मर्जी के बिना आर्य समाज मंदिर में शादी कराई. इसके बाद मध्यप्रदेश, गुजरात और राजस्थान के अलग-अलग शहरों में ले जाकर कई बार दुष्कर्म किया.**

15 जुलाई को परिजनों ने राजस्थान के बारा में युवती को तलाश लिया, जबकि आरोपी मौके से फरार हो गया. पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है.




### एक साल से थी पहचान, धमकी देकर बनाया दबाव

पुलिस को दिए बयान में युवती ने बताया कि वह पिछले करीब एक साल से राहुल को जानती थी. दोनों के बीच मोबाइल पर बातचीत होती थी. आरोपी लगातार मिलने का दबाव बनाता था और मना करने पर आत्महत्या करने या घर पहुंचकर हंगामा करने की धमकी देता था. डर के कारण वह कुछ बार गांव के खेत में उससे मिलने गई, जहां आरोपी ने उसकी इच्छा के विरुद्ध दुष्कर्म किया. इसके बाद भी वह धमकियां देकर उसे चुप रहने के लिए मजबूर करता रहा.

### घर से ले जाकर भोपाल में कराई जबरन शादी

पीड़िता के अनुसार, 1 जून की रात आरोपी ने उसे फोन कर घर के पीछे बुलाया. मना करने पर घर आने की धमकी दी, जिससे घबराकर वह मिलने पहुंच गई. आरोपी उसे जबरन बाइक पर बैठाकर पहले उज्जैन ले गया. वहां शादी का भरोसा दिलाने के बाद राजस्थान के रामगंज मंडी होते हुए भोपाल पहुंचा, जहां आर्य समाज मंदिर में उसकी मर्जी के बिना शादी कराई. इसके बाद करीब 15 दिन तक उसे किराए के मकान में रखा.

### गुजरात और राजस्थान में भी करता रहा शोषण

युवती ने आरोप लगाया कि इसके बाद आरोपी उसे गुजरात ले गया, जहां वह पहले टाइल्स फैक्ट्री और बाद में एक पेपर कंपनी में काम करता रहा. इस दौरान अलग-अलग स्थानों पर रहने के बावजूद आरोपी उसकी इच्छा के विरुद्ध कई बार शारीरिक संबंध बनाता रहा. बाद में वह उसे राजस्थान के बारा ले गया और वहां भी किराए के कमरे में रखा. 15 जुलाई को युवती की बहन, जीजा और अन्य परिजन तलाश करते हुए बारा पहुंचे. परिजनों को देखते ही आरोपी मौके से फरार हो गया. इसके बाद परिवार युवती को अपने साथ लेकर आया. घर पहुंचने पर युवती ने पूरी घटना परिजनों को बताई, जिसके बाद उसे लेकर खिलचीपुर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई गई.

### मोबाइल छीनकर किसी से संपर्क नहीं करने दिया

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसने कई बार आरोपी का विरोध किया, लेकिन वह लगातार धमकाता रहा. जब उसने अपनी बहन को फोन कर मदद मांगने की कोशिश की तो आरोपी ने उसका मोबाइल भी छीन लिया, ताकि वह किसी से संपर्क न कर सके. खिलचीपुर थाना पुलिस ने आरोपी राहुल के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 87, 64(2)(एम) और 351(3) के तहत मामला दर्ज किया है. पुलिस का कहना है कि आरोपी फिलहाल फरार है और उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार तलाश की जा रही है.




# रकम दोगुनी करने का झांसा देकर 70 हजार के जेवर ठगे

## दो अलग-अलग घटनाओं में महिलाओं को बनाया निशाना, पुलिस ने दर्ज किए प्रकरण

नवभारत न्यूज

**नरसिंहगढ़ 18 जुलाई, सं.** ग्राम बड़ोदिया काछीपुरा में महिलाओं को निशाना बनाकर अपराध की दो अलग-अलग घटनाएं सामने आई हैं. एक मामले में बदमाश घर में घुसकर महिला के साथ मारपीट करते हुए उसके गले से चांदी की चेन लूट ले गए. जबकि दूसरे मामले में रकम दोगुनी करने का झांसा देकर एक महिला से करीब 70 हजार रुपये के जेवर ठग लिए गए. दोनों मामलों में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

पुलिस के अनुसार ग्राम काछीपुरा निवासी कांति बाई पत्नी सीताराम कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि शुक्रवार दोपहर अज्ञात आरोपी उसके घर में घुस आए. आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और गले में पहनी करीब 10 हजार रुपये कीमत की चांदी की चेन छीनकर फरार हो गए. पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 332(बी), 309(6) सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

रकम दोगुनी करने का लालच देकर ठगे जेवर-

दूसरे मामले में इसी गांव की रोशनी पत्नी कमलेश कुशवाह को एक अज्ञात व्यक्ति ने रकम दोगुनी करने का लालच देकर अपने झांसे में ले लिया. आरोपी विश्वास जीतने के बाद महिला का मंगलसूत्र और पायल, जिनकी कुल कीमत करीब 70 हजार रुपये बताई गई है, लेकर फरार हो गया. पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4) के तहत प्रकरण दर्ज किया है.

*दोनों मामलों में अज्ञात आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम जुटी हुई है. साथ ही लोगों से अपील की गई है कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति के झांसे में न आएं और संदिग्ध गतिविधि की तत्काल पुलिस को सूचना दें.*

**वीरेन्द्र सिंह धाकड़ थाना प्रभारी नरसिंहगढ़**

### एक नजर में

### गोपाल यादव पटवारी संघ जिलाध्यक्ष बने



**बोडा 18 जुलाई, सं.** पटवारी संघ के प्रांताध्यक्ष अश्विन कुमार सैनी द्वारा प्रांतीय कार्यकारिणी पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्यो का विस्तार करते हुए नरसिंहगढ़ तहसील के पटवारी गोपाल यादव (पूर्व पटवारी संघ अध्यक्ष, नरसिंहगढ़) को उप प्रांत अध्यक्ष एवं भगवान सिंह परमार (पूर्व पटवारी संघ अध्यक्ष, सुठालिया) को प्रांत संगठन मंत्री बनाया गया. तहसील नरसिंहगढ़ से प्रांतीय कार्यकारिणी में एक साथ दो पटवारीगणों को सदस्यता प्राप्त किये जाने पर नरसिंहगढ़ तहसील के समस्त पटवारीगणों में हर्ष व उत्साह का माहौल है. संयुक्त तहसील एवं अनुभवविभागीय अधिकारी कार्यालय भवन नरसिंहगढ़ में गोपाल यादव एवं भगवान सिंह परमार का सम्मान व स्वागत तहसीलदार, नायब तहसीलदार बोडा, तहसीलदार कुरावर, राजस्व निरीक्षक नरसिंहगढ़ एवं नरसिंहगढ़ पटवारी संघ द्वारा पुष्प हार से किया गया.

### हज पर जानेवाले यात्रियों को रुखसत किया

**पड़ाना 18 जुलाई, सं.** नगर में मुस्लिम समाजजनों ने हज यात्रा पर जा रहे लोगों का फूल-मालाओं से स्वागत कर मिठाई खिलाई और उन्हें रुखसत किया. इस दौरान हज्जानी सलीमन बी को मक्का मुकर्रमा के लिए रवाना किया गया. इससे पहले भी समाज ने नासिर खालिक, माजीद की अम्मी और हसनैन हमजा अब्दुल्ला की दादी सलीमन बी अंसारी को हज के लिए रवाना किया था. रवाना होने से पहले सभी ने देश में अमन-चैन और खुशहाली की दुआ करने की गुजारिश की. इस अवसर पर हसनैन, हमजा, अब्दुल्ला, अब्बास भाई, गय्युर अंसारी, नवाब अंसारी, अपसार अंसारी सहित समाज के लोग उपस्थित थे.

### गौशालाओं का आकस्मिक निरीक्षण, टैगिंग के निर्देश

**सारंगपुर 18 जुलाई, सं.** विकासखंड सारंगपुर अंतर्गत संचालित विभिन्न गौशालाओं का आकस्मिक निरीक्षण अधिकारियों एवं डॉ. अमित शाक्या द्वारा किया गया. निरीक्षण के दौरान वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए निर्देशित किया गया कि राजमार्ग एवं सर्विस रोड पर बैठे अथवा विचरण कर रहे गोवंश को गौशालाओं की उपलब्ध क्षमता के अनुसार सुरक्षित रूप से गौशालाओं में रखा जाए. जिससे सड़क दुर्घटनाओं की संभावना कम हो एवं गोवंश का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके. अधिकारियों द्वारा गौशालाओं में उपलब्ध गोवंश का भौतिक सत्यापन किया. श्रीराम गौशाला लीमा चौहान 190, मधुसूदन गौसेवा समिति धामन्दा 260, कपिलेश्वर गौशाला सारंगपुर 220, भैंसावामाता जी एक 100, गौशाला भैंसावामाता जी दो 96, गौशाला सण्डावता 85, गौशाला दोबड़ा जमींदार 92, गौशाला ब्यावरमांडू 99, गौशाला खजूरियाघाटा 100, उदनखेड़ी एक 85, उदनखेड़ी दो 92, सुल्तानिया 75, टीकोद 85, जबरडी 82, मऊ एक 186, मऊ दो 92, गढ़िया 76 गाये पाई गई.

### कुप्रथा उन्मूलन पर कार्यशाला

**राजगढ़ 18 जुलाई, का.** पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) सामुदायिक पुलिसिंग डॉ. विनीत कपूर के मार्गदर्शन में आज पुलिस कंट्रोल रूम, राजगढ़ में सामुदायिक पुलिसिंग एवं नातरा-झगड़ा कुप्रथा उन्मूलन विषय पर एक विचार-विमर्श एवं शोध कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला में डीआईजी डॉ. विनीत कपूर के साथ डॉ. तसनीम देव, सुश्री हिमांशी यादव तथा मोहित सोने मौजूद रहे.

# खाद और यूरिया की समस्या, सरकार की नीतियों के विरोध में मार्च निकाला

नवभारत न्यूज

**सुठालिया 18 जुलाई, सं.** प्रदेश किसान कांग्रेस के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान व किसान कांग्रेस अध्यक्ष भगवान सिंह बागड़ी के निर्देश अनुसार सुठालिया ब्लॉक किसान कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने बस स्टैंड से गांधी चौक तक सरकार के खिलाफ अपनी मांगों को लेकर नारे लगाते हुए मार्च किया. इसके उपरांत मुख्यमंत्री मोहन यादव, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, कृषि मंत्री एदल सिंह कंसाना का बस स्टैंड पर पुतला दहन किया गया. पुलिस ने पुतले को छीनने का पूरा प्रयास किया तदोपरांत बस स्टैंड तिराहे पर मोहन लोधी ने नुक्कड़ सभा को संबोधित किया. वर्तमान समय में ग्रामीण क्षेत्र में बिजली की बाहरी कटौती की जा रही है जिससे किसान बहुत परेशान है. सरकार की टोकन व्यवस्था फ्लाफ साबित हुई है. मूंग की नई एमएसपी दर शीघ्र लागू की जाए. 100 प्रतिशत मूंग की खरीदी शासन द्वारा की जाए. इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता उमेश कुमार मिश्रा, ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष धीरपसिंह सोंधिया, किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष गिरवर सिंह नरूका, पूर्व जनपद अध्यक्ष जुझार सिंह गोलाखेड़ा, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष मोहन लोधी, श्याम पालीवाल, प्रदीप सिंह परमार, किसान कांग्रेस के जिला सचिव रघुवीर सिंह सोंधिया, सरदार सिंह सोंधिया, प्रहलाद सिंह यादव, पर्वत सिंह सोंधिया आदि शामिल रहे.

# प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को अलंकरण पुरस्कार दिए



नवभारत न्यूज

**जीरापुर 18 जुलाई, सं.** नगर के एडवांस्ड किड्स एकेडमी में अलंकरण समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थाना प्रभार हुकुम सिंह मीणा रहे. इस दौरान कार्यक्रम में विद्यालय छात्र परिषद के विभिन्न पदों पर छात्रों का साक्षात्कार के आधार पर मनोनयन किया गया.

इसके अंतर्गत हेड बॉय बृजमोहन दांगी, हेड गर्ल अल्फिया मंसूरी, डिप्टी हेड बॉय दुष्यंत सिंह खींची, डिप्टी हेड गर्ल अनुष्का जैन, खेल कप्तान दीपक चौहान, खेल सहकप्तान कोमल सोनगिरा, अनुशासन सचिव श्रीनाथ पाटीदार, यशिका शर्मा, अर्जुन सिंह दांगी, अंशिका गुप्ता, सांस्कृतिक सचिव माहि जायसवाल, आरव मालवीय को मनोनीत किया गया. इसी के साथ विद्यालय के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु चार अलग-अलग दल बनायें गये. जल दल कप्तान नमन व्यास, सह कप्तान साक्षी गुप्ता, पृथ्वी दल कप्तान काशी शर्मा, सह कप्तान जयंत दांगी, वायु दल कप्तान मनीष वर्मा, सहकप्तान लक्ष्मी विश्वकर्मा, अग्नि दल कप्तान अंजलि दांगी, सहकप्तान सोनू बैरागी को मनोनीत किया गया. अध्यक्षता विद्यालय के निदेशक गिरिराज गुप्ता द्वारा की गई. प्रधानाचार्य ई के जोशी ने बताया कि छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु विद्यालय परिवार सदैव प्रयत्नरत रहता है. कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि उपनिरीक्षक संतोषसिंह रहे. कार्यक्रम का संचालन बरखा गुप्ता व दीपिका बिश्रा ने किया व अध्यापक हेमन्त त्रिवेदी ने आभार प्रकट किया. सभी विद्यार्थियों को शारीरिक शिक्षक विशाल यादव ने प्रशिक्षण दिया.

### पॉलीटेक्निक द्वितीय वर्ष में पंजीयन 26 तक

**राजगढ़ 18 जुलाई, का.** शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय राजगढ में तकनीकी शिक्षा विभाग भोपाल द्वारा संचालित डिप्लोमा पाठ्यक्रम इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलीकम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग, केमिकल इंजिनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग और मैकेनिकल इंजीनियरिंग के द्वितीय वर्ष में कुछ ही रिक्त सीटों के विरुद्ध 2 वर्षीय आईटीआई उत्तीर्ण या पीसीएम के साथ 12 वीं पास को मिलेगा सीधे पॉलीटेक्निक डिप्लोमा के द्वितीय वर्ष में प्रवेश. प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ हो चुके है.

# बीमार गाय की मौत पर पशु चिकित्सा विभाग में हंगामा, बजरंग दल ने दिया धरना

नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 18 जुलाई, सं.** पशु चिकित्सा विभाग कार्यालय में शनिवार को उस समय हंगामे की स्थिति बन गई. जब मांडाखेड़ा गांव की गौशाला में एक बीमार गाय की मौत से नाराज बजरंग दल के कार्यकर्ता और गौसेवक विभागीय कार्यालय पहुंच गए. कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि पिछले 10 दिनों से गाय बीमार थी और कई बार सूचना देने के बावजूद कोई पशु चिकित्सक उपचार के लिए नहीं पहुंचा. जिसके कारण शनिवार सुबह गाय की मौत हो गई.



कार्यालय पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी शुरू कर दी. इस दौरान पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. मधुसूदन शाक्य ने कार्यालय परिसर में नारेबाजी का विरोध किया. जिससे दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस हो गई. इसके बाद बजरंग दल के कार्यकर्ता कार्यालय के भीतर ही धरने पर बैठ गए और दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे.

मांडाखेड़ा निवासी एवं बजरंग दल के ग्राम सचिव हेमराज पंवार ने बताया कि गौशाला में एक गाय करीब 10 दिनों से बीमार थी. इलाज के लिए कई बार पशु चिकित्सकों को फोन किए गए. लेकिन कोई भी डॉक्टर मौके पर नहीं पहुंचा.

# महर्षि पब्लिक स्कूल में नशा मुक्ति पर कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 18 जुलाई, सं. महर्षि पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में पुलिस विभाग के द्वारा नशा मुक्ति 2.0 का आयोजन किया गया. इस समारोह में अतिथि थाना प्रभारी होकमसिंह मीना, उपनिरीक्षक संतोष सिंह, उपनिरीक्षक मोनिका, संस्था अध्यक्ष दिनेश जमींदार, प्राचार्य दिनेश गुर्जर, संचालक शिवचरण दांगी की उपस्थित में बच्चों को परिवार दोस्त या अन्य लोग जो नशे करने वाले हैं उनको सही दिशा देने और समझाइश देकर नशे जैसे कुमार्ग से हटाने, नशा से मुक्त करने के लिए संदेश दिया.**



बच्चे को कहां कि अगर कोई नहीं मानते हैं तो टोल फ्री नंबर पर फोन लगाकर पुलिस को अवगत करा सकते हैं. पुलिस उनको समझाइश देगी. बच्चे को भी नशा नहीं करना चाहिए इससे कई परिवार बर्बाद हो गए और कई बच्चों के परिवार में नशा करने की वजह से पढ़ाई खराब हो जाती है. इस अवसर पर उपस्थित छात्र छात्राओं को जीवन में कभी भी नशा नहीं करने और ना ही नशा करने वाले का सहयोग करने की शपथ दिलाई.

इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक शिक्षिकाएं दिलीप राठौर, राधेश्याम तोमर, अजय पंचोली, कृपाल सिंह, राजेश कुमार शर्मा, प्रीतम कुमार शर्मा, कमल सिंह गुर्जर, सोलंकी, अंकुश भावसार, खेल शिक्षक ध्रुव भाटी, उमाशंकर, विशाल, शिक्षिका कुमारी तय्यबा कुरैशी मुख्य रूप से उपस्थित रहे. कार्यक्रम का संचालन पवन दांगी ने एवं आभार संस्था अध्यक्ष दिनेश जमींदार ने माना.

### पैरालीगर वालेंटियर्स के साक्षात्कार 24 को

**राजगढ 18 जुलाई, का.** सत्र 2026-27 के लिए नवीन पैरालीगल वालेंटियर्स के चयन एवं नवीनीकरण के लिए साक्षात्कार 24 जुलाई को आयोजित किए जाएंगे. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजगढ़ एवं तहसील विधिक सेवा समितियों ब्यावरा, नरसिंहगढ़, सारंगपुर, खिलचीपुर व जीरापुर में आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के साक्षात्कार जिला एवं तहसील स्तर पर सुबह 10 बजे से होंगे. जिला मुख्यालय के आवेदकों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा तहसील स्तर के आवेदकों को संबंधित न्यायालय में उपस्थित होना होगा.

**सुविधा** | सिविल अस्पताल सारंगपुर में मरीजों को मिला लाभ, इलाज के लिए शहरों का खर्च बचा

# 48 घंटे में 12 जटिल ऑपरेशन, मूक बधिर को मिला नया जीवन

**डॉक्टरों की टीम ने 48 घंटे में किए 12 जटिल ऑपरेशन, मूक-बधिर युवक और मासूम बच्ची को मिला नया जीवन**

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 18 जुलाई, सं. स्थानीय सिविल अस्पताल में चिकित्सा और संवेदनशीलता की एक अनूठी मिसाल देखने को मिली है. अस्पताल के वरिष्ठ सर्जन डॉ. अंकुर देशवाली और उनकी टीम ने मिलकर शुक्रवार और शनिवार के विशेष सत्र में कुल 12 जटिल ऑपरेशंस को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है. सरकारी अस्पताल में एक साथ इतने सफल और क्लिष्ट ऑपरेशंस होना क्षेत्र के स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है.**



अस्पताल प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार, इन सभी मरीजों का इलाज पूरी तरह नि:शुल्क किया गया है. जिससे गरीब परिवारों को निजी अस्पतालों के भारी-भरकम खर्च से बड़ी राहत मिली है. डॉ. देशवाली ने बताया कि इस सत्र में कई केस बेहद चुनौतीपूर्ण थे. 50 वर्षीय जुवेन बी के बाएं पैर में एक अत्यंत विशाल और जटिल सिस्ट (गांठ) था, जिसे मेजर सर्जरी के जरिए सुरक्षित बाहर निकाला गया.

30 वर्षीय सूरज पिता प्रकाश जो बोल और सुन नहीं सकता जिसके पैर में गंभीर कॉर्न (गोखरु) की समस्या थी. टीम ने बेहद सावधानी और आत्मीयता के साथ उनका सफल एक्सिजन ऑपरेशन किया. एक 8 वर्ष की मासूम सरबीन के पैर में गंभीर संक्रमण के चलते मवाद भर गया था. डॉक्टरों ने तत्काल 50 से 60 एमएल मवाद निकाला और पट्टी कर बच्ची को दर्द से राहत दीप्त

समीर पिता तारीफ नाम के युवक की पीठ के निचले हिस्से में पायलोनिडल साइनस था। डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर अंदर छिपा बालों का पूरा गुच्छा और संक्रमित ग्रंथि को जड़ से साफ़ किया. वहीं, नर्मदा बाई की पीठ से एक बहुत बड़ी पुरानी गांठ निकाली गई.

**स्क्लेरोथेरेपी का प्रयोग-** सरकारी अस्पताल में आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देते हुए डॉ. देशवाली की टीम ने 80 वर्षीय बुजुर्ग रफ़ीक अली और सारंगपुर निवासी जाकिर खान का इलाज किया. दोनों मरीजों को त्वचा की जटिल बीमारी केलोइड थी, जिसे बिना किसी बड़े चीरे के आधुनिक स्क्लेरोथेरेपी तकनीक से ठीक किया गया. इसके अलावा कलाई की नाजुक नसों के बीच फंसे गैंग्लियोन सिस्ट से पीडित मेघा (21 वर्ष) और बच्ची आयशा का भी सफल ऑपरेशन हुआ. इंदौर निवासी सीमा पति राजेश के पेंडिकुलेटेड लाइपोमा को निकालकर उसकी बायोप्सी (कैंसर व अन्य जांच) कराई गई ह. भगवती बाई के सेबेसियस सिस्ट और एक अन्य बच्चे के लाइपोमा का भी सफल उच्छेदन किया गया.

**मरीजों ने कहा डॉक्टरों के रूप में मिले भगवान-** अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजनों ने डॉक्टरों और स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो इलाज बड़े शहरों के प्राइवेट अस्पतालों में हजारों रुपयों में होता, वह हमारे सारंगपुर के सरकारी अस्पताल में डॉक्टरों की संवेदनशीलता के कारण मुफ्त और सुरक्षित तरीके से हो गया. सभी मरीज वर्तमान में पूरी तरह स्वस्थ हैं.

### साहसिक कार्य के लिए सारंगपुर थाना प्रभारी सम्मानित

**सारंगपुर 18 जुलाई, सं.** थाना प्रभारी सारंगपुर उपनिरीक्षक राहुल रघुवंशी को अपराध नियंत्रण एवं संगठित अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के लिए पुलिस महानिरीक्षक भोपाल देहात जोन रुचिवर्धन मिश्रा द्वारा प्रशंसा-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया है.


बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल से संबंद्ध एवं बार काउंसलिंग ऑफ इंडिया नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त
राजगढ़ जिले का प्रथम अशासकीय विधि महाविद्यालय
निर्विन्ध्या विधि महाविद्यालय
शासन द्वारा प्राप्त सभी छात्रवृत्ति सुविधा उपलब्ध
विधि पाठ्यक्रम 2026-27
LLB 3 वर्षीय | B.A.LLB 5 वर्षीय | GNM 3 वर्षीय

महाविद्यालय स्तर पर सीधे ऑनलाईन प्रवेश प्राप्त करें
पता : अभयपुर रोड, ग्राम कटारियाखेड़ी, तह. ब्यावरा जिला- राजगढ़
ऑफिस : 7440663447 मो. : 9425039231